# यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा में पहले दिन आठ नकलची पकड़े

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) की मंगलवार से शुरू हुई सेमेस्टर परीक्षा में पहले दिन आठ नकलची पकड़े गए। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने दून के दो संस्थान जागरण स्कूल आफ ला कालेज में विधि की परीक्षा और जेबीआइटी कालेज में बीटेक की परीक्षा के दौरान औचक निरीक्षण किया। दोनों संस्थानों में सभी वयवस्थाएं दुरुस्त पाई गई।

कुलपति ने संस्थान को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उधर, विवि के उड़न दस्ते ने बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज रुड़की में परीक्षा के दौरान नकल कर रहे सात छात्रों को दबोचा। जबकि समीप के फोनिक्स कालेज में एक छात्र पकड़ा। सभी छात्रों की कापी सील कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।(जासं)